हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 खैरा में नशा मुक्ति अभियान का हुआ शंखनाद

12 एबीसी स्कूल में हिंदी दिवस पर हुई विभिन्न ..




## साइबर अपराध और एनडीपीएस कार्यशाला में विवेचना, सुधार पर जोर

### पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने किया उद्घाटन, बोले– विवेचना की गुणवत्ता हो बेहतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

पुलिस कम्युनिटी हॉल बलौदाबाजार में रविवार को एनडीपीएस कानून, विवेचना प्रक्रिया एवं साइबर अपराधों पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। सुबह 10:30 से शाम 5:00 बजे तक चली इस कार्यशाला में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना/चौकी प्रभारी, एवं सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि विवेचना की गुणवत्ता में सुधार ही अपराधियों को सजा दिलाने की कुंजी है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे इस प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को जमीनी स्तर पर लागू करें।




**जांच पर भी फोकस**

कार्यशाला के अंतिम सत्र में साइबर रेंज रायपुर से उप निरीक्षक हेमंत डहरिया और सहायक उप निरीक्षक प्रवीण शुक्ला ने डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने की आधुनिक तकनीकों पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों में तकनीकी दक्षता और डिजिटल ट्रेसिंग सबसे बड़ी चुनौती होती है, जिसे आधुनिक प्रशिक्षण से ही पार पाया जा सकता है। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

**विशेष न्यायाधीश ने दिए कानूनी विवेचना के टिप्स:** विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि नारकोटिक्स अपराधों पर नियंत्रण के लिए मांग और आपूर्ति की चेन को एक साथ तोड़ना जरूरी है। उन्होंने एंड-टू-एंड इन्वेस्टिगेशन और वित्तीय जांच पर ज़ोर देते हुए बताया कि त्रुटिरहित अनुसंधान ही दोषियों को दंडित करवाने में कारगर होता है। वरिष्ठ अधिवक्ता अनादि शंकर मिश्रा और दीपा सोनी ने बचाव पक्ष के नजरिए से पुलिस विवेचना की कमियों की ओर ध्यान दिलाया और उन्हें सुधारने के सुझाव दिए।

### कार्रवाई : आरोपी दीपक वर्मा ने रवान के बाजार चौक पर किया हमला

## उधारी मांगने पर राड से किया हमला, चाकू दिखाकर धमकाया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

उधारी के पैसे मांगने पहुंचे युवक पर लोहे की रॉड से हमला करने और चाकू लहराकर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला ग्राम रवान का है, जहां पीड़ित युवक ने हमले के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

- कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई, आरोपी दीपक वर्मा को भेजा गया जेल

प्रार्थी टाकेश्वर वर्मा निवासी ग्राम रवान द्वारा दर्ज कराया गया कि 13.09.2025 के रात्रि 9 बजे अपना उधारी का पैसा लेने दीपक वर्मा के घर गया था, जिस पर उसकी मां ने बताया कि वह अभी खाना खा रहा है। तब प्रार्थी वापस आया एवं अपने साथी के साथ बाजार चौक रवान में बैठा था। तभी इसी बीच आरोपी दीपक वर्मा वहां पर आया एवं उसके द्वारा मेरे घर क्यों आया कहकर अश्लील गाली गलौज करते हुए, अपने हाथ में रखे लोहे की रॉड से मारपीट किया गया। इसके बाद चाकू को बाहर निकाल कर लहराते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 922/2025 धारा 296,351(2),115(2) बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



**त्वरित कार्रवाई, आरोपी ने कबूला जुर्म**

प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक वर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर प्रार्थी के उसके घर आकर, उधारी के पैसे मांगने संबंधी बात को लेकर, आवेश में आकर प्रार्थी के ऊपर लोहे की राड से हमला करना एवं चाकू दिखाकर उसे जान से मारने की धमकी देना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में आरोपी को 14.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### मवेशी तस्करी मामले का चौथा आरोपी गिरफ्तार

**गिधौरी ।** ग्राम नवागांव सोनाखान में मवेशियों की तस्करी के एक संगठित मामले में सोनाखान पुलिस ने चौथे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी शिवकुमार सागर, मवेशी भरे माजदा और 407 वाहनों के आगे अपनी ईको कार से पायलेटिंग कर रहा था। इससे पहले तीन आरोपियों को 9 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था।



पुलिस ने ग्राम नवागांव सोनाखान के पास कार्रवाई करते हुए मवेशी तस्करी में लगे माजदा और 407 वाहनों को पकड़ा था, जिनमें ठूंस-ठूंस कर कुल 21 नग मवेशी बिना पानी व चारे के भरे गए थे। इन वाहनों के साथ-साथ चौथे आरोपी की पहचान भी पुलिस को तकनीकी और परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से हुई। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि शिवकुमार सागर (28), ग्राम नवागांव थाना पलारी निवासी, अपने ईको कार (सीजी 22 वाई 4346) से मवेशी लदे वाहनों की पायलेटिंग कर रहा था ताकि रास्ते में कोई रुकावट न हो। पुलिस ने उसकी कार को भी जब्त कर लिया है। पूछताछ में शिवकुमार ने स्वीकार किया कि वह पूर्व में गिरफ्तार तीन आरोपियों के साथ मिलकर मवेशियों को उड़ीसा राज्य के बटोराबाजार ले जा रहा था। इस मामले में पशु क्रूरता अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) और छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धाराएं 4, 6, 10, 11 के तहत अपराध क्रमांक 585/2025 दर्ज किया गया है। आज, 14 सितंबर 2025 को आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

## भाटापारा का नाका नंबर 1 तिराहा बना खतरे का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

शहर की सीमा पर स्थित नाका नंबर 1 तिराहा इन दिनों तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आने की आशंका का कारण बनता जा रहा है। खप्पर बाबा मंदिर रोड और तरेंगा-नादघाट की ओर से आने-जाने वाले वाहनों की दिशा एक ही मोड़ पर मिलने से यह तिराहा अत्यंत जोखिमपूर्ण स्थिति में है।

इस मार्ग से हजारों वाहन प्रतिदिन गुजरते हैं, जिनमें स्कूल बस, छोटे-बड़े व्यवसायिक वाहन, दोपहिया और पैदल यात्री शामिल हैं। लेकिन, सुरक्षा के लिए कोई स्थायी व्यवस्था मौजूद नहीं है। सड़क पर न तो डिवाइडर हैं और न ही स्पीड ब्रेकर, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

- बिना डिवाइडर व स्पीड ब्रेकर के दिनभर दौड़ते हैं तेज रफ्तार वाहन
- विद्यालय मार्ग होने के बावजूद नहीं की गई स्थायी सुरक्षा व्यवस्था

**टायर से बनी वैकल्पिक व्यवस्था, नहीं है कारगर :** स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा के नाम पर सड़क के किनारों पर पुराने टायरों से बनाई गई अस्थायी डिवाइडर व्यवस्था की गई है, जो न तो टिकाऊ है और न ही प्रभावशाली। इस तिराहे से प्रतिदिन गुजरने वाले नागरिकों का कहना है कि यह केवल एक 'कामचलाऊ समाधान' है, जबकि यहां स्थायी डिवाइडर, जगह-जगह स्पीड ब्रेकर, सड़क संकेतक, और रिफ्लेक्टर युक्त संकेत बोर्ड की तत्काल आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### भाटापारा में मना प्रोग्रामर्स डे

**भाटापारा ।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट देवरी रोड भाटापारा में कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा अध्यनरत छात्र छात्राओं के लिए प्रोग्रामर्स डे का आयोजन किया गया प्रोग्रामर्स डे पर महाविद्यालय के संचालक मनीष शुक्ला ने यह दिन प्रोग्रामर्स को समर्पित है क्योंकि प्रोग्रामर्स किसी सॉफ्टवेयर को तैयार करने अहम भूमिका निभाते हैं। प्रोग्रामर्स सॉफ्टवेयर तैयार करते हैं जो जन सामान्य के जीवन को सरल बनाते हैं । उक्त अवसर पर पीजीडीसीए, डीसीए, एवं बीसीए के विद्यार्थियों द्वारा विविधि कार्यक्रम संपन्न किये गये उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वंदना चौहान, वैभव गुप्ता, सुषमा दुबे, सहायक प्राध्यापक (कंप्यूटर विज्ञान विभाग) मोरध्वज जायसवाल, गौकरण यादव तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय में हुई शिशु रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति

**गोपालपुर ।** मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जयसवाल जी एवं स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया से पत्राचार कर सारंगढ़ में शिशु रोग विशेषज्ञ एवं निश्चेतक कटक की मांग जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पांडे के द्वारा किया गया था इसे जिसे स्वास्थ्य मंत्री द्वारा तत्काल संग्यान मे लेकर तुरंत स्वीकृत कर सारंगढ़ में डॉक्टरों की पोस्टिंग किया गया। जिससे सारंगढ़ के लोगों मे हर्ष व्याप्त है और जिपं अध्यक्ष संजय पांडे के इस पहल की मुक्तकंठ तारीफ कर रहे हैं क्योंकि शिशु रोग विशेषज्ञ के बिना लोग यहां इलाज के लिए दर दर भटकते थे । इसके लिए सारंगढ़ के लोगों ने जिपं अध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य सचिव को धन्यवाद व्यक्त किया है।



### ड्राइवर के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ड्राइवर के साथ मारपीट करने के मामले में बसना थाने में आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम रसोड़ा के लोकनाथ साहू के रिपोर्ट लिखाई है कि वह पिछले 2 साल से गांव के लोकनाथ साहू के घर ड्राइवरी का काम करता हैं। 12 सितंबर को वह और मुंशी भागवत बंजारा व हमालों के साथ कोलीहादेवरी व भैंसाखुरी से गाड़ी में धान लोड कराकर रात्रि करीबन 8.30 बजे लोकनाथ के घर रसोड़ा में ही गाड़ी छोड़ने गया था, लोकनाथ साहू के द्वारा गाली गलौज कर चोरी का इल्जाम लगाकर हाथ मुक्का से मारपीट किया और मुझ पर धान चोरी का झूठा केस लगाकर जेल भेजवा दूंगा कहते हुए जान से मारने की धमकी दी।

### गली में बह रहे गंदे पानी के चलते हुआ विवाद

**महासमुंद।** बम्हनी के एक गली में बह रहे गंदे पानी के चलते हुई मारपीट की घटना में सिटी कोतवाली में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को सुषमा ढीढी निवासी वार्ड नंबर 13 ने बताया कि उसके पड़ोसी देवनाथ जांगड़े , सेवती जांगड़े, कोमल जांगड़े, सुखदेव जांगड़े के घर का गंदा पानी बहने के कारण गली में कीचड हो गया है, जिससे आने जाने में परेशानी होती है। इसे लेकर प्रार्थिया की भाभी पार्वती सोनवानी, इंद्रा रात्रे, सकवंती बंजारे एवं उसकी मां भगवत देवी रात्रे तथा अन्य लोगो के द्वारा 13 सितंबर की शाम करीब 7 बजे से 07.30 बजे के मध्य समझाने के लिए गए थे। इसी दौरान आरोपी तो देवनाथ जांगड़े, सेवती जांगड़े, कोमल जांगड़े, सुखदेव जांगड़े एक राय होकर तुम लोग हमें बोलने वाला कौन होते हो कहकर गाली गलौज करने लगे। जब प्रार्थिया और उसके भाई भाई प्रताप सिंह रात्रे के द्वारा गाली गलौच करने से मना किया गया, तब आरोपियों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का, पत्थर से मारपीट किया गया।

## कांग्रेस सरकार ने गरीबों को राहत दी और भाजपा ने आफत : भाटिया

**सिमगा ।** प्रदेश में बिजली संकट गहराता जा रहा है। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को इस समय सबसे बड़ी मार बढ़े हुए बिजली बिलों की झेलनी पड़ रही है। कई उपभोक्ताओं के घरों में 10 से 20 हजार रुपये तक के बिल थमा दिए गए हैं जनता परेशान है। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि यह सीधे-सीधे जनता की जेब पर डाका है। उन्होंने कहा कि किसान बिजली कटौती से त्रस्त हैं और घरेलू उपभोक्ता भारी-भरकम बिलों से सदमे में। स्मार्ट मीटर से स्थिति और खराब हो गई है। खपत से कई गुना अधिक बिल आ रहे हैं, तकनीकी गड़बड़ी आम हो गई है और सिस्टम ने गरीबों व किसानों के सामने नई मुसीबत खड़ी कर दी है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की हाफ बिजली बिल योजना की तुलना करते हुए कहा कि भूपेश बघेल के समय हर घर को राहत मिली थी। 400 यूनिट तक आधा बिल देना पड़ता था और किसानों को मुफ्त पंप कनेक्शन के साथ नियमित बिजली मिलती थी। वहीं भाजपा सरकार ने नई बिजली टैरिफ लागू कर जनता को बेहाल कर दिया है।



## बलौदाबाजार को मिली ईवी चार्जिंग स्टेशन की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

जिले के ई-व्हीकल मालिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब चार्जिंग की चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि बलौदा बाजार शहर में ही पहला ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन शुरू हो गया है। रायपुर रोड स्थित संध्या फ्यूल्स में बीपीसीएल कंपनी की ओर से यह चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया गया है। स्टेशन की क्षमता 60 किलोवॉट है और यहां एक साथ दो ई-वाहन चार्ज किए जा सकते हैं। खास बात यह है कि चार्जिंग का शुल्क बहुत ही मामूली है, जिसे कंपनी के मोबाइल ऐप के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है।




संचालक आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि यहां वाहनों को महज आधे से एक घंटे में फुल चार्ज किया जा सकता है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। परिवहन विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में 10.5 हजार से ज्यादा ई-व्हीकल पंजीकृत हैं। इनमें से लगभग 4700 बाइक और स्कूटर, 3635 ई-रिक्शा, 100 से अधिक कारें और 2100 से ज्यादा अन्य वाहन (ई-साइकिल व छोटे लोडर) शामिल हैं। वहीं, बलौदा बाजार जिले में ही करीब 200 से अधिक ई-व्हीकल चलन में हैं, जिससे यह सुविधा यहां के लिए बेहद उपयोगी साबित होगी। ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन की शुरुआत से जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों से आने वाले ई-वाहन चालकों को भी सुविधा मिलेगी। यह कदम स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और हरित ऊर्जा की दिशा में जिले के लिए एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## जल-जंगल यात्रा में बच्चों को मिली प्रकृति से जुड़ाव की सीख




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

।वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देशानुसार बारनवापारा परिक्षेत्र के चरौदा सर्किल अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा (ब) के विद्यार्थियों के लिए जल जंगल यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन में स्कूली बच्चों को वन एवं पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को वनों के महत्व और उनसे प्राप्त विभिन्न औषधीय प्रजातियों जैसे दशमूल, भोईनीम, नागरमोथा आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही वृक्ष प्रजातियों की पहचान, खाद्य एवं अखाद्य घास प्रजातियाँ, वन्य प्राणियों हेतु चारागाह विकास तथा भू-जल संरक्षण कार्य जैसे गेबियन स्ट्रक्चर और लूज बोल्डर चेक डैम का महत्व समझाया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि जल संकट और जंगलों की कमी हमारे जीवन पर किस प्रकार प्रभाव डालती है और इनके संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास क्यों आवश्यक हैं। विद्यार्थियों को वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

- चरौदा में विद्यार्थियों को दी गई वन संरक्षण और पर्यावरणीय संतुलन की जानकारी
- औषधीय पौधों से लेकर जलसंरक्षण तक की दिखाई गई जमीनी हकीकत

**ये रहे उपस्थित**

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत चरौदा (ब) की सरपंच शांतिबाई ठाकुर, उपसरपंच ललिता यादव, पूर्व सरपंच माधव तिवारी, ग्राम प्रमुख भूपेंद्र बारीक, पंच भानु ठाकुर, लोमेश ठाकुर, ग्राम महिला समूह अध्यक्ष रेशम बाई ठाकुर तथा विद्यालय के प्रधान पाठक शीला बघेल और शिक्षक संतोष घृतलहरे, परिक्षेत्र सहायक सूर्यप्रकाश जाधव, बीट प्रभारी अमिताब कुमार बंजारे, रोशन निषाद, राहुल जोशी वन चौकीदार कुलेश्वर निषाद उपस्थित थे।

### ज्योति प्रज्ज्वलन के लिए राशि निर्धारित

## नवरात्रि की तैयारी जोरों पर मंदिर की साफ-सफाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भवानीपुर

मां डोंगरदेवी मंदिर प्रांगण मे ज्योति प्रज्वलित एवं मंदिर प्रांगण की साफ सफाई हेतु बैठक माता रानी के मंदिर प्रांगण में पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया जिसमें मंदिर प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा हर वर्ष माता रानी के दर्शन एवं मनोकामना दीप प्रज्वलित करने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते है और इस वर्ष भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे प्रबंधक कमेटी के द्वारा इस वर्ष ज्योति प्रज्वलित करने हेतु 751 रुपए की राशि रखी गई है और जिनको भी मनोकामना ज्योति प्रज्वलित करवाना है ।

- 22 सितंबर से शुरू होगा शारदीय नवरात्र पर्व, 1 अक्टूबर को होगा विसर्जन



वह समिति के सदस्यों के द्वारा संपर्क कर ज्योति प्रज्वलित कर सकते हैं प्रतिवर्ष प्रबंधक कमेटी के द्वारा सदस्यों को अलग-अलग कार्यभार सौंपा जाता है और अभी से ही मंदिर की साफ-सफाई, रंग-रंग लाइट डेकोरेशन आदि का कार्य एवं प्रभार सदस्यों को सौंप दिया गया है जिसकी तैयारी शुरू हो गई है मंदिर प्रांगण में नव दिन नव रात मे आसपास के ग्रामीणों द्वारा माता रानी की जस सेवा का गान किया जाता है । आचार्य पंडित शेख राम शर्मा ने कहा कि इस वर्ष नवरात्र 22 सितंबर दिन सोमवार को प्रारंभ होगा जिसमें सुबह 11: 36 से 12: 24 तक ज्योति प्रज्वलित घट स्थापना किया जाएगा और पंचमी 26 सितंबर दिन शुक्रवार को एवं 30 सितंबर मंगलवार को महा अष्टमी हवन पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा एवं 1 अक्टूबर दिन बुधवार को क्वांर नवरात्रि समाप्ति विसर्जन किया जाएगा । इस दौरान उपाध्यक्ष नोहर गिरी गस्वामी हिम्मत लाल चंद्राकार, प्रमोद चंद्राकर, सेवाराम निषाद, आनंदपाल, जयप्रकाश पुजारी, रामानंद साहू, कौशल साहू, खिलेश्वर घृतलहरे, प्रबंधक कमेटी के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### नवदिवसीय जगराता व सांस्कृतिक कार्यक्रम 22 से

**खरोरा।** आदर्श ग्राम पंचायत परसदा में 22 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक नवदिवसीय प्रदेश स्तरीय जगराता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जनकल्याण दुर्गा उत्सव समिति व ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में प्रदेशस्तरीय लोक कलाकार, आकाशवाणी-दूरदर्शन के गायक और अंचल के कलाकार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में ज्योति प्रज्वलन, रंगोली व झांकी प्रतियोगिता, सुवा नृत्य, भरथरी लोक गायन, जगराता, हवन पूजन, कन्या भोज, विशाल भंडारा व मूर्ति विसर्जन शामिल हैं। झांकी व डांस प्रतियोगिता के विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। समिति ने ग्रामीणों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### अवैध संबंध का आरोप निराधार तो बैठक में आकर सफाई दें

**रायपुर।** कुछ दिनों से भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का पारिवारिक महिला से अवैध संबंध और एक युवती ने भी गंदी बात करने का आरोप लगाया है। इससे जुड़े कंटेंट वायरल होने से विवाद शुरू हो गया है। शनिवार को जिस महिला से अवैध संबंधों को लेकर कंटेट वायरल हुए थे, उनसे तलाक की जानकारी देते हुए रविकांत टिकरिहा ने रायपुर प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता ली। इसमें उन्होंने कहा कि 2022 में जब राहुल के अवैध संबंध के बारे में पता चला तभी से इस मामले को समाज के बीच में रखने का प्रयास किया। मैं किसी पार्टी से जुड़ा राजनीतिक पहुंच वाला व्यक्ति नहीं हूं। मैं राहुल की साख को भी डिगाने का प्रयास भी नहीं कर रहा हूं। मेरी छोटी बेटी मां के स्नेह से वंचित हो गई और मेरा परिवार उजड़ गया। ऐसे में क्या मैं अपनी पीड़ा को समाज के सामने भी रखने का अधिकार नहीं रखता। मैं समाज से जुड़ा व्यक्ति हूं, इसलिए उनकी सच्चाई को भी समाज के सामने रखना चाहता हूं, अगर अवैध संबंध के आरोप गलत हैं, तो समाज की बैठक में अपना पक्ष रखें, तो मुझे न्याय मिलेगा।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत




**रायपुर।** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कुशालपुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक की शिनाख्ती अभी नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार शनिवार रात 9 बजे के करीब एक युवक कुशालपुर-प्रोफेसर कालोनी के पास रोड क्रॉस कर रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने युवक को ठोकर मारकर फरार हो गया, जिससे गंभीर चोटें आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस अज्ञात वाहन एवं उसके चालक की पतासाजी कर रही है।

### सीएम साय से भेंट करेंगे एसआई भर्ती के अभ्यर्थी

**रायपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा में आयुसीमा 34 से 33 किए जाने से नाराज अभ्यर्थी रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट कर आयुसीमा बढ़ाने संबंधी ज्ञापन सौंपेंगे। अभ्यर्थियों ने बताया कि पीएससी परीक्षा के माध्यम से 340 पदों की भर्ती करनी है। आयुसीमा घटाए जाने से कई अभ्यर्थी परीक्षा की तैयारी में 33 वर्ष की उम्र पार कर चुके हैं। ऐसे में उनकी मेहनत पर पानी फिर जाएगा। अभ्यर्थियों के अनुसार पिछले वर्ष राज्य सरकार ने एसआई भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया था, लेकिन परीक्षा संपन्न नहीं हो पाई। उम्र की सीमा घटाए जाने तथा परीक्षा में विलंब होने की वजह से हजारों परीक्षार्थियों के परीक्षा से वंचित होने की अभ्यर्थियों ने आशंका व्यक्त की है।

### दुकान में घुसकर लैपटॉप की चोरी, एक गिरफ्तार



**रायपुर।** पुलिस ने एक लैपटॉप चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी सद्दाम अहमद मौदहापारा का निवासी है। प्रार्थी बेनीराम सेन ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि बीरगांव बजरंग नगर के पास उसकी चाय की दुकान है। उसकी दुकान की टेबल पर एक लैपटॉप रखा हुआ था, जो चोरी हो गया। पुलिस की जांच में पता चला कि इसे दो युवकों ने मिलकर चोरी किया है, जिसमें से सद्दाम को गिरफ्तार किया गया है, वहीं दूसरा आरोपी बॉबी सिंह अभी फरार है। पुलिस ने इस मामले में सद्दाम को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पूछताछ में यह भी पता चला कि सद्दाम पहले भी अन्य मामले में जेल जा चुका है।

# नवरात्रि पर मिल सकता है निगम, मंडल, आयोग में बचे पदों का तोहफा

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार ने डेढ़ साल बाद जाकर पिछली बार नवरात्रि के समय अप्रैल में निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में तीन दर्जन नियुक्तियां की थीं। अब एक बार फिर ने चैत्र नवरात्रि पर बचे हुए निगम, मंडल, आयोग के पदों का भाजपा नेताओं को तोहफा मिल सकता है। प्रदेश सरकार के मंत्रिमंडल के विस्तार और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी के ऐलान के बाद अब जहां विधायकों की नजरें संसदीय सचिवों के पदों पर हैं, वहीं निगम, मंडल और आयोग में बचे पदों को लेकर भी भाजपा नेता इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विदेश प्रवास से भी लौट चुके हैं। अब जल्द ही बची नियुक्तियों का ऐलान होने की संभावना है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद अप्रैल में प्रदेश सरकार ने 34 निगम, मंडलों के 36 पदों पर भाजपा नेताओं की नियुक्तियां कीं। इनमें से आधा दर्जन नेताओं के पदों पर पेंच भी फंसा गया था, ऐसे में इनका पदभार संभालना मुश्किल हो गया तो अततः प्रदेश सरकार ने इनको दूसरे निगम, मंडल में कुर्सी देने का काम किया है। इसके बाद एक केश शिल्पी बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन को छोड़कर सभी ने पदभार भी संभाल लिया है।

## तीन दर्जन और पदों पर भाजपा नेताओं को मिलेगा मौका

### इनमें नियुक्ति अभी बाकी

जिन निगम, मंडलों में अभी नियुक्ति बाकी है उनमें मार्कफेड, लघु वनोपज सहकारी संघ, फिल्म विकास निगम, मत्स्य महासंघ, हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ, सिंधी अकादमी और सहकारी संघ शामिल हैं। इसी के साथ पांच जिलों के सहकारी केंद्रीय बैंक और चार शक्कर कारखानों में भी अध्यक्ष की नियुक्ति की जानी है। इसके अलावा रायपुर विकास प्राधिकरण, गृह निर्माण मंडल जैसे निगम, मंडलों में उपाध्यक्षों के साथ सदस्यों के पद भी खाली हैं। इनकी संख्या भी डेढ़ दर्जन से ज्यादा है। इनमें भी नियुक्ति को लेकर प्रदेश सरकार का प्रदेश संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय नेताओं के साथ मंथन हो चुका है। कुल मिलाकर करीब तीन दर्जन पदों पर भाजपा नेताओं को मौका मिलेगा। संभावना है कि 22 सितंबर से प्रारंभ हो रही है नवरात्रि में भाजपा नेताओं को पद मिल सकते हैं।




### संसदीय सचिवों की नियुक्ति भी होगी

प्रदेश में भाजपा सरकार के मंत्रिमंडल का लंबे इंतजार के बाद मुख्यमंत्री श्री साय के विदेश प्रवास पर जाने से पहले बीते माह विस्तार हो चुका है। प्रदेश सरकार ने तीन नए मंत्री बनाए हैं। मंत्रिमंडल में जिनको स्थान नहीं मिल सका है, उन नए विधायकों की नजरें अब संसदीय सचिवों के पदों पर हैं। संभावना है कि इनकी नियुक्ति भी जल्द होगी।

## जल जीवन मिशन कार्य में इंजीनियरों की बड़ी लापरवाही उजागर

# जहां भू-जलस्तर डाउन, वहीं करा दिए टंकी निर्माण के साथ बोरवेल, सूखे रह गए पंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामों में बनाई गई पानी टंकियों में पानी चढ़ाने के लिए इंजीनियरों के निर्देश एवं निगरानी में बोरवेल कराए गए थे, लेकिन गर्मी का सीजन शुरू होते ही कई ग्रामों में बोरवेल ही सूख गए, जिसके कारण टंकियों में गर्मीभर पानी भी चढ़ नहीं पाया। टंकियों में पानी नहीं चढ़ने से उन ग्रामों में रहने वाले परिवारों को भी घर-घर लगे नल कनेक्शन के माध्यम से पानी मिल नहीं पाया। इधर अभी तक पीएचई विभाग के अफसर यही बोलकर अपना पल्ला झाड़ते रहे हैं कि बोरवेल सूखने का मुख्य कारण भीषण गर्मी है, लेकिन अब इसमें इंजीनियरों की लापरवाही भी सामने आई है। जिला पंचायत के कई सदस्यों का कहना है कि इंजीनियरों ने बोरवेल कराने के दौरान बड़ी लापरवाही बरती है। जहां पहले से जल स्तर कम था, उन्हीं स्थानों पर पानी टंकी का निर्माण एवं बोरवेल करा दिए हैं। यही कारण है कि गर्मी शुरू होते ही ये बोरवेल सूख गए, जिससे ग्रामीणों को पानी समस्या से जूझना पड़ा।

### केस:1


ग्राम मुजगहन में जल जीवन मिशन अंतर्गत पानी टंकी का निर्माण ऐसी जगह कराया गया है, जहां गर्मी भर बोरवेल सूखा रहा। इस कारण इस गांव के लोगों को गर्मीभर घर-घर लगे नल कनेक्शन से पानी नहीं मिल पाया।

### केस:2

ग्राम कांढुल में भी पानी टंकी का निर्माण ऐसी जगह हुआ है, जहां गर्मीभर भू-जल स्तर डाउन रहा। इस कारण गर्मीभर इस गांव के घरों में पानी की सप्लाई नहीं हो पाई।

### केस:3

नयारायपुर स्थित ग्राम नकटी में भी पानी टंकी में पानी नहीं चढ़ने के कारण गर्मीभर लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ा। यहां भी गर्मी भर बोरवेल सूखा रहा।



### अनेकों ग्रामों में गर्मीभर बनी रही यही स्थिति

चारों ब्लॉक क्षेत्र में ऐसे कई ग्राम हैं, जहां गर्मी के दिनों में बोरवेल सूख जाने के कारण पानी टंकियों में पानी नहीं चढ़ने के कारण लोगों को परेशान होना पड़ा। जिला पंचायत के सदस्यों ने बताया कि पीएचई विभाग से जिले में ऐसे ग्रामों की सूची भी मांगी है, जहां बोरवेल सूखने के कारण पानी टंकियों में पानी चढ़ नहीं पाया। यह सूची अभी तक उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई है।

### बैठक में उठा था मुद्दा

*जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में जल जीवन मिशन योजना के तहत ग्रामों में घर-घर नल जल कनेक्शन का कार्य पूर्ण होने के बाद भी पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा उठा था। इस मुद्दे पर जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संदीप यदु, सदस्य वतन चंद्राकर, यशवंत साहू सहित अन्य सदस्यों ने जानकारी दी थी कि उनके क्षेत्र के कई ग्रामों में पानी टंकी तो बनाई गई हैं, लेकिन इन टंकियों में बोरवेल सूख जाने से पानी ही नहीं चढ़ पाया, जिससे लोगों को भी गर्मी के तीन महीनों तक पानी नहीं मिल पाया। पीएचई अफसर अनिल बच्चन ने इस मुद्दे पर सफाई देते हुए कहा था कि भीषण गर्मी के कारण भू-जलस्तर नीचे चला गया, जिसके कारण बोर भी सूख गए। इस पर सदस्यों ने अफसर का घेराव करते हुए कहा था कि बोरवेल कराने से पहले उस जगह पर भू-जल स्तर को जांचा परखा जाता है। यह काम इंजीनियर करता है, लेकिन इंजीनियरों ने पहले टंकी का निर्माण करा दिया और फिर उसी जगह पर बोरवेल करा दिया, जबकि उस जगह पर भू जल स्तर पहले से कम था। इस तरह इंजीनियरों ने पानी टंकी का निर्माण एवं बोरवेल के लिए जगह का चयन गलत किया है, जो बड़ी लापरवाही है।*

## एबीसी स्कूल में हिंदी दिवस पर हुई विभिन्न गतिविधियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

एबीसी स्कूल सारागांव में एक परंपरा चली आ रही है कि हरेक त्यौहार, पर्व, और मुख्य दिवसों को धूमधाम से मनाया जाता है । इसी परिप्रेक्ष्य में हिंदी दिवस मनाया गया। 8 सितंबर से लेकर पूरे सप्ताह भर प्रार्थना सभा में हिंदी दिवस से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही हिंदी से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराया गया । स्कूल के सीईओ सर ने हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शामिल हुए। बच्चों की प्रतिभा को देखकर सर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित होना चाहिए। जिससे उनके सोचने समझने की शक्ति का विकास होगा और जिज्ञासु हो सकेंगे।

स्कूल के सभी शिक्षकों व बच्चों ने अपने अपने विचारों को कविता और भाषण के माध्यम से रखा। स्कूल प्राचार्य डी पी सिंग सर ने बताया कि हमारी राष्ट्र भाषा हिंदी को 14 सितंबर को मान्यता मिला और इसी कारण इस दिन को पूरे भारत में हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है । हमारे संस्था में हिंदी में निबंध लेखन प्रतियोगिता किया गया। जिसमें माध्यमिक विभाग के लिए शीर्षक चंद्रयान 3, और उच्च (हाईस्कूल) के लिए मिशन ऑपरेशन सिंदूर जैसे शीर्षक पर निबंध लेखन कराया गया। जिसमे सभी प्रतिभाग किए बच्चों ने दिए गए शीर्षकों पर अपने विचारों को व्यक्त किए। सभी गतिविधियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रथम व द्वितीय स्थान दिया गया। स्कूल के प्राचार्य डी पी सिंग ने हिंदी दिवस पर सभी प्रतिभागियों द्वारा किए गए प्रदर्शन के लिए बधाई व समस्त शिक्षकों को साधुवाद प्रेषित किये।

## प्रजापति ब्रम्हकुमारी ने किया शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पलारी द्वारा वार्ड नंबर 6 के सामुदायिक भवन में "शिक्षकः ज्ञान, संस्कार और प्रेरणा के स्रोत" विषय पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में पलारी व आसपास के स्कूलों और महाविद्यालयों से बड़ी संख्या में शिक्षकगण शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें डॉ. अशोक कुमार उपाध्याय (प्राचार्य, महाविद्यालय पलारी), चंद्रकांत जलहरे (प्राचार्य, महाविद्यालय वटगन), जे. एल. जोशी (बीआरसीसी), देवेन्द्र कुमार साहू (फेडरेशन संयोजक अधिकारी) एवं ब्रम्हाकुमारी बहनों की उपस्थिति रही।

राजयोगिनी नमिता दीदी ने दी प्रेरक सीख, शिक्षक को बताया 'लाइट हाउस' अपने मुख्य उद्बोधन में राजयोगिनी ब्रम्हाकुमारी नमिता दीदी ने कहा कि "शिक्षक समाज के लाइट हाउस होते हैं, जो अंधकार में रास्ता दिखाते हैं।" उन्होंने कहा कि आज के समय में शिक्षा प्रणाली में मूल्य शिक्षा और आत्मिक विकास की महती आवश्यकता है, जो राजयोग और आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से संभव है। दीदी ने राजयोग ध्यान की उपयोगिता बताते हुए सभी शिक्षकों को इसकी प्रायोगिक अनुभूति कराई, जिससे उपस्थितजनों ने आंतरिक शांति और ऊर्जा का अनुभव किया।

## 2011 से संचालित स्कूल में अब तक नहीं पहुंचे विषय शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



ग्राम पंचायत खैदा के शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय लवन खैंदा में 2011 से संचालित किया गया है जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में भौतिकी व रसायन शास्त्र, हिंदी की शिक्षक नहीं होने के चलते छात्र-छात्राओं की पढ़ाई नहीं हो पा रहा है जिससे छात्र-छात्राओं परीक्षा नजदीक आते ही अभी पढ़ाई शुरू नहीं हुआ है जिसके चलते परेशानी हो रही है खैंदा, ढाबाढीह बमनपूरि, बगबुडा से इसी स्कूल में पढ़ने आते हैं जो शिक्षक की कमी होने के चलते इधर-उधर स्कूल चले जा रहे हैं।

- **फिजिक्स, केमिस्ट्री और हिंदी शिक्षक की कमी से ठप है उच्चतर कक्षाओं की पढ़ाई**
- **भवन निर्माण की स्वीकृति भी अधर में, ग्रामीणों और पालकों में गहरा आक्रोश**

इस वजह से यदि शिक्षक की व्यवस्था नहीं होने पर छात्र-छात्राओं पालको व शाला विकास समिति द्वारा उचित कदम उठाने पर बाध्य होना पड़ेगा जिसे देखते हुए पालक व शाला समिति द्वारा अति शीघ्र शिक्षा की व्यवस्था करने की मांग किया है की स्कूल में अति शीघ्र शिक्षक की व्यवस्था किया जाए ज्ञात हो अभी तक तीन ही शिक्षक 9, 10, 11,12वीं की देखरेख कर रहे हैं जिसे देखते हुए शाला विकास समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, प्रिया प्रसाद, शघून केवट, नीलावती मिर्जा, रामकुमार वर्मा, धर्मेंद्र बंधु वर्मा, बुधारू, बृजेश वर्मा, दूकहों सहित छात्र-छात्राओं व ग्रामवासी द्वारा अतिशीघ्र शिक्षा की व्यवस्था करने की शासन से मांग की है ।

## जीएसटी में बदलाव को लेकर भाजपा का बड़ा अभियान विधानसभाओं में होंगे सम्मेलन

### राजधानी के सम्मेलन में रहेंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो बड़ा बदलाव किया है, उसे लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के महामंत्री अरुण सिंह को संयोजक बनाया गया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन को यह जिम्मा सौंपा गया है। हर जिले में भी समिति बनाई गई है। सभी विधानसभाओं में बड़े सम्मेलन कराए जाएंगे। लगातार 15 अक्टूबर तक कार्यक्रम होंगे। इसमें जीएसटी के बदलाव से होने वाले फायदे के बारे में आम जनता को बताया जाएगा। व्यापारियों को सम्मेलन में बुलाया जाएगा।

केंद्र सरकार ने जीएसटी को लेकर जो नया रीफार्म किया है, उसको लेकर अब भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा अभियान एक माह तक चलाने का फैसला किया है। सभी राज्यों में यह अभियान चलेगा। अब छत्तीसगढ़ में अभियान चलाने के लिए प्रदेश स्तर की समिति में महामंत्री यशवंत जैन को संयोजक नियुक्त किया गया है। सदस्य के तौर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, जगदलपुर महापौर संजय पांडेय और रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा रखे गए हैं। इसी के साथ जिलों में चार सदस्यों की एक समिति बनी है। इसमें एक संयोजक और तीन सदस्य रखे गए हैं।



- राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह के भी आने की संभावना
- भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने देशभर में अभियान चलाने का फैसला किया
- छत्तीसगढ़ में भाजपा के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन को यह जिम्मा

### सम्मेलनों में मंत्री, सांसद विधायक रहेंगे

प्रदेश संयोजक यशवंत जैन ने बताया, शक्ति केंद्रों से लेकर मंडल स्तर पर कार्यक्रम होंगे। जनता के बीच हमारे भाजपा के कार्यकर्ता जाकर बताएंगे कि जीएसटी में बदलाव से उनको क्या लाभ होगा। इसी के साथ हर विधानसभा में सम्मेलन होंगे। इसमें व्यापारियों के साथ बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जाएगा। सम्मेलनों में प्रदेश के मंत्री, विधायक और सांसद अपने-अपने क्षेत्र के कार्यक्रमों में रहेंगे। राजधानी के सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहेंगे। 19 सितंबर को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

## 'वीमेन फॉर ट्री' के तहत लगाए जा रहे कुल 1.66 लाख पौधे

# साव बोले- फील्ड पर दिखने चाहिए योजनाओं के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

*नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा, समयसीमा तय कर योजनाओं के काम पूर्ण करें*

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक में कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को हर कार्य की पूर्णता के लिए समयसीमा तय कर योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। साथ ही अफसरों से कहा, गोधाम योजना के क्रियान्वयन के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार करें। उन्होंने कहा, नगरीय निकायों में निर्माणाधीन अटल परिसरों और नालंदा परिसरों के निर्माण में भी तेजी लाएं। विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा, विभाग द्वारा लगातार नवाचार के कार्य किए जा रहे हैं। नवाचारों के साथ ही विभागीय संरचना और योजनाओं का सुदृढ़ीकरण व विस्तारीकरण भी किया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं का असर धरातल पर दिखना चाहिए। प्रत्येक कार्य की समयसीमा तय की जाए। सभी कार्यों में गुणवत्ता के साथ ही जन सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। वरिष्ठ अधिकारियों को नगरीय निकायों के सेटअप पुनरीक्षण और वर्गीकरण के साथ ही रिक्त पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग से समन्वय कर स्वीकृति के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।



### समय पर वेतन भगुतान सुनिश्चत करें

उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी निकाय में अधिकारियों-कर्मचारियों को वेतन देने में विलंब की स्थिति नहीं निर्मित होना चाहिए। समय पर वेतन का भुगतान सुनिश्चित करें। उन्होंने नगरीय निकायों के सभी वार्डों में आबादी के हिसाब से समुचित स्ट्रीट लाइटिंग के निर्देश दिए। उन्होंने पार्षद निधि के तहत इसके प्रावधान का प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने दीपावली के पहले सभी निकायों के प्रत्येक वार्ड में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### 21 जल प्रदाय योजना प्राक्कलन निविदा शीघ्र करें

उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न नगरीय निकायों में राज्य के बजट से स्वीकृत 21 जल प्रदाय परियोजनाओं और एसटीपी निर्माण के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने यथाशीघ्र इन कार्यों के प्राक्कलन व निविदा आदि की कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं स्वच्छ भारत मिशन, अमृत मिशन और प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में कार्यों का क्रियान्वयन करने को कहा।

### वीमेन फॉर ट्री के अंतर्गत 80 हजार पौधे रोपे गए

*उप मुख्यमंत्री ने भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'वीमेन फॉर ट्री' के अंतर्गत नगरीय निकायों में किए जा रहे पौधरोपण के बारे में कहा, छत्तीसगढ़ के लिए यह गौरव की बात है कि पूरे देश में मध्यप्रदेश के बाद छत्तीसगढ़ को सर्वाधिक संख्या में वृक्षारोपण की मंजूरी मिली है। 'वीमेन फॉर ट्री' के अंतर्गत 27 करोड़ 48 लाख रुपए की लागत की 444 परियोजनाओं की स्वीकृति मिली है। अभियान के तहत विभिन्न नगरीय निकायों में कुल एक लाख 66 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इसके तहत अब तक एक लाख 33 हजार पौधे लगाए जा चुके हैं, जो अभियान के अंतर्गत स्वीकृत कुल पौधरोपण का 80 प्रतिशत है। श्री साव ने शेष पौधरोपण सितम्बर माह के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।*

## बैज का आरोप- 8 सालों तक जीएसटी के नाम पर जनता को लूटा, अब एहसान जता रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, 2017 से मोदी सरकार ने अतार्किक और मनमाना जीएसटी लगाकर देश की जनता को 8 वर्षों तक लूटा है। अब उसमें कटौती करके 8 वर्षों तक जनता की जेब पर डाले गये डाके के पाप से सरकार बच नहीं सकती। कांग्रेस ने जीएसटी की बेतहाशा दरों का उसकी समय विरोध किया था। तब मोदी सरकार अपने अहंकार में कटौती करने को तैयार नहीं थी। दवाइयों, आटा, दूध, पनीर, घी एवं खाद्य सामग्री पर 8 सालों तक भारी भरकम जीएसटी वसूल कर जनता का खून चूसने वाले अब एहसान जता रहे है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, एक मध्य आय वाले का परिवार जो सालाना 3 से साढ़े तीन लाख खर्च करता था, उससे मोदी सरकार ने 8 सालों तक हर साल 50 हजार रुपए से अधिक जीएसटी के रूप में वसूला है। कृषि जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में भी मोदी सरकार ने बेतहाशा जीएसटी वसूला था। उन्होंने कहा, देश के व्यापार उद्योग को तबाह करने के बाद मंहगाई बढ़ाने के बाद मोदी सरकार ने जीएसटी के दो स्लैब में परिवर्तन किया है।

28 और 12 प्रतिशत का स्लैब खत्म किया है, लेकिन 40 प्रतिशत का नया स्लैब जीएसटी में एड कर दिया।

## खबर संक्षेप



### बेमचा खल्लारी मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन 22 को

**महासमुंद।** क्वांर नवरात्र महोत्सव पर ग्राम बेमचा के मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ मंदिर में ज्योति प्रज्ज्वलन 22 सितंबर सोमवार को होगा। यहां मनोकामना तेल ज्योति 701 रुपए निर्धारित है। ज्योति स्थापना 22 सितंबर सोमवार को दोपहर 12 बजे, पंचमी श्रृंगार 26 सितंबर शुक्रवार, हवन अनुष्ठान 30 सितंबर मंगलवार को संध्या 05 बजे, ज्योति शांति 30 सितंबर मंगलवार रात्रि 12 बजे होगा। उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।

### राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल में हुआ कार्यक्रम

**सरायपाली।** राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में अनेक कार्यक्रम हुए। विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम अणुव्रत गीत का गायन किया। प्रार्थना के पश्चात वरिष्ठ हिंदी शिक्षक गणेश सामल ने हिंदी में काव्य पाठन करते हुए कार्यक्रम शुभारंभ की। छात्रा तानी अग्रवाल, आरोही, सवेरा बरिहा और अदिति तथा लता द्वारा गीत प्रस्तुत की गई। अध्यापिका गीतांजलि प्रधान, अनिता चौधरी एवं अध्यापक राजेश दुबे ने भी हिंदी भाषा को लेकर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्राचार्य नरहरि पटनायक ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से हिंदी भाषा को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताते हुए उसके सम्मान करने की अपील की। इस अवसर पर उपप्राचार्य नासिर खान के साथ समस्त शिक्षक-शिक्षकाएं उपस्थित थे।

### विश्वकर्मा जयंती पर प्रकाश नाइट कार्यक्रम 17 को

**नर्रा।** ग्राम नर्रा में 17 सितंबर बुधवार को विश्वकर्मा जयंती पर सार्वजनिक विश्वकर्मा पूजा उत्सव का कार्यक्रम रखा गया है। भगवान विश्वकर्मा ब्रम्हांड का वास्तुकार माना जाता है, जिन्होंने सृष्टि के रचना और सजाने-संवारने का कार्य किया है। जयंती पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी फिल्म स्टार प्रकाश अवस्थी नाइट स्टार का कार्यक्रम पंचायत भवन के सामने रखा गया है।

## निधन

### हेमलाल वर्मा



**पलारी ।** नगर पंचायत पलारी के वार्ड 12 निवासी हेमलाल वर्मा (67) का आकस्मिक निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार रविवार को दोपहर 12 बजे स्थानीय मुक्ति धाम पलारी में किया गया जिसमे गणमान्य नागरिक एवं परिजन मौजूद रहे । स्वर्गीय हेमलाल वर्मा अंजली वर्मा के पति, लखन लाल वर्मा, श्याम लाल वर्मा छोटे भाई, नंद कुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा के बड़े भाई, रवि वर्मा, तन्मय वर्मा, छोटू वर्मा के पिता, शेखर वर्मा, दुष्यंत वर्मा, भूपेंद्र, आशीष, तरुण, गजेन्द्र, योगेश के चाचा एवं अंकुश, आकाश परिधि, खुशी के बड़े पापा, चेष्टा, कुशल के दादा थे ।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र.क्र. ..... अ / 2, वर्ष, 2024-25
वाद भूमि ग्राम हथबंद प.ह.नं. 22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम हथबंद प.ह.नं. 22 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका त्रिवेणी कोसले पिता श्री खम्हन दास जाति सतनामी निवासी ग्राम सिमगा कास्तकार ग्राम हथबंद तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार भाटापारा ने ग्राम हथबंद प.ह.नं. 22 तहसील सिमगा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 84/48 एकबा 0.120 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा नक्शा की प्रति तथा बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न कर निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति-दावा प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 29/09/2025 तक अपना आपत्ति-दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 13/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा,

# अधीक्षण अभियंता किया ने पलारी व कोनारी में किए निर्माण कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

जिले में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु अधीक्षण अभियंता द्वारा निरीक्षण दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत पलारी में आवर्धन जल प्रदाय योजना और ग्राम पंचायत कोनारी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का स्थलीय अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने निर्माणाधीन संरचनाओं, पाइपलाइन बिछाने और जल प्रदाय केंद्रों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने ठेकेदारों एवं तकनीकी अधिकारियों को गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न करने और निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए।

**विभागीय बैठक में हुई अभियान की समीक्षा**



**हर घर तक पहुंचेगा शुद्ध जल**

निरीक्षण उपरांत अधीक्षण अभियंता समीर गौर ने कार्यालय में विभागीय बैठक ली। इसमें जिले के सभी अभियंता, जिला समन्वयक और टीपीआई एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में हर घर जल अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। जहां अधीक्षण अभियंता ने कहा कि कार्य की गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। समयसीमा का कड़ाई से पालन किया जाएगा। हर गाँव और हर घर तक शीघ्र स्वच्छ जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता मनोज कुमार ठाकुर, सहायक अभियंता आर.के. ध्रुव, उप अभियंता संदीप लॉरेंस, संबंधित ठेकेदार एवं टीपीआई एजेंसियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।पलारी आवर्धन जल प्रदाय योजना के माध्यम से नगर पंचायत के प्रत्येक घर तक नल कनेक्शन से स्वच्छ व नियमित जल आपूर्ति होगी नागरिकों को पानी की कमी से राहत मिलेगी। महिलाओं व बच्चों को दूर से पानी लाने की परेशानी से मुक्ति मिलेगी। जलजनित बीमारियों में कमी आएगी और स्वास्थ्य लाभ होगा। जल जीवन मिशन योजना से हर ग्रामीण परिवार को घर-घर नल कनेक्शन से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना इस मिशन का उद्देश्य है। ग्रामीण जीवन में सुविधा, स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**प्राचार्य पर निलंबन की अनुशंसा, जांच में दोष सिद्ध**

# सरकारी स्कूल का फर्नीचर बेचने का मामला तूल पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

कसडोल जनपद के अंतर्गत टुण्डरा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का फर्नीचर निजी स्कूलों को बेचने का मामला तूल पकड़ चुका है। नगरवासियों और कांग्रेसजनों के विरोध के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर गठित जांच दल ने पूरे मामले की जांच कर आरोप सही पाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रभारी प्राचार्य रमेश बंजारे को निलंबित करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

जानकारी के अनुसार, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष सोनी एवं प्राचार्य बंजारे द्वारा 67 टेबल-चेयर ज्ञान अमृत विद्यालय टुण्डरा तथा 40 टेबल-चेयर धाविका पब्लिक स्कूल शिवरीनारायण को कबाड़ घोषित कर 400 रुपये प्रति सेट की दर से बेचा गया। कांग्रेस नेताओं और नगरवासियों को जब इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने तीन पिकअप में परिवहन किए जा रहे फर्नीचर को विद्यालय गेट पर रोककर हंगामा किया और प्रशासन को सूचना दी।

नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष छतराम साहू ने कहा कि /"यह शासकीय संपत्ति है, इसे बेचना सीधे-सीधे नियमों का उल्लंघन है। दोषियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।/" विधायक प्रतिनिधि मोतीराम साहू, नगर अध्यक्ष रविशंकर बंजारे और अन्य नेताओं ने भी दोषियों को पद से हटाने और भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने के लिए ठोस व्यवस्था बनाने की मांग की।

जिला प्रशासन ने पूरे मामले को पदीय दायित्वों में घोर लापरवाही और सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लंघन मानते हुए शासन को निलंबन की अनुशंसा भेज दी है। देर रात तक जांच दल मौके पर जांच में जुटा रहा और घटनास्थल पर भारी संख्या में नगरवासी एकत्र रहे।

**नगरवासियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया तीखा विरोध, मौके पर हंगामा**



**जांच में उजागर हुआ लापरवाही और नियम उल्लंघन**

तहसीलदार युवराज कुर्रे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव और सहायक बीईओ के नेतृत्व में जांच दल मौके पर पहुंचा। मौके पर पंचनामा तैयार किया गया और सभी टेबल-चेयर की गिनती कर विद्यालय में सुरक्षित सील बंद कराया गया। जांच में यह पाया गया कि सभी फर्नीचर पूरी तरह उपयोग योग्य थे और निस्तारण की कोई वैध प्रक्रिया नहीं अपनाई गई थी।





# सामाजिक एकता व विकास के लिए मैं नहीं हम की भावना होना चाहिए



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारी राज की क्षत्रिय प्रकरण बैठक शनिवार को ग्राम ईकाई संडी मुडपार में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, सरंक्षक, तेजराम वर्मा, राजप्रधान राम खिलावन वर्मा एवं समस्त स्वजातियों, राज पदाधिकारीयों, केंद्रीय सदस्य, ग्राम ईकाई संडी मुड़पार की सहयोग मार्गदर्शन में प्राप्त प्रकरणों की सुनवाई के साथ संपन्न हुआ। स्वागत उद्बोधन में राजप्रधान रामखिलावन वर्मा कहा कि समाज से जुड़ हर सदस्य के विचार में समाज के विकास के लिए मै कि भावना न रखते हुए हम की भावना रखना चाहिए और परिवार हो या समाज तभी उन्नति कर सकते हैं जब हम सभी को साथ लेकर चले।

■ संडी मुड़पार में क्षत्रिय प्रकरण बैठक सम्पन्न, सामाजिक सुधारों पर गूंजे स्वर

केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने के सभी लोगों से समाज के विकास एवं सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए सुझाव आमंत्रित करते हुए कहा की हमारे समाज में प्रतिभाशाली और दानदाताओं की कोई कमी नहीं हैं जिसका उदाहरण नरदाहा सामाजिक भवन है। तेजराम वर्मा सरंक्षक व पूर्व राजप्रधान ने कहा समाज के लोगों का हर सुख दुःख के कार्यकर्मो में शराब पीने पीलाना की प्रचलन चिंता और चिंतन का विषय है। हमारे समाज का इतिहास गौरवशाली है और हमारे समाज का संचालन समाज के संविधान से चलता हैं, और हमारे समाज के बनाऐ गये समजिक सुधारों का अन्य समाज अनुसरण करते हैं।

**ये रहे उपस्थित**

बैठक में डॉ डाकेश्वर वर्मा उपराजप्रधान, भुवन वर्मा उपराजप्रधान, कार्तिक वर्मा राजमंत्री, उप राजमंत्री डागेश्वर वर्मा, सचिव ओमप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष मंतराम वर्मा, केंद्रीय सदस्य बुधराम वर्मा, पंच राम वर्मा, धनश्याम वर्मा, हुलास वर्मा, भानु वर्मा, रामनारायण वर्मा, मिथलेश वर्मा, राजेश वर्मा, पुनीत वर्मा, डा बिसेसर वर्मा, संतोष वर्मा, भारत वर्मा, प्रेम लाल वर्मा, आशा राम वर्मा, यशवंत वर्मा, प्रमोद वर्मा, हिमांशु वर्मा, मनीष वर्मा, भरत वर्मा, भगत वर्मा, मानसिंग वर्मा, प्रदीप वर्मा, संत राम वर्मा, एकनाथ वर्मा, प्रितम वर्मा ग्राम प्रमुखगण एवं ग्राम ईकाई संडी मुड़पार और पलारी राज स्वजाती बंधुओ की उपस्थिति बड़ी संख्या में रहा।

# भाजपा शहर मंडल का एक दिवसीय सेवा पखवाड़ा कार्यशाला सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा एक दिवसीय सेवा पखवाड़ा कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिला कार्यालय में आहुत किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के महामंत्री ओमप्रकाश चन्द्रवंशी एवं भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता द्वारा बताया गया कि 17 सितम्बर से दो अक्टूबर तक मंडल के सभी बूथों एवं नगर में सेवा पखवाड़ा चलाया जावेगा। इस पखवाड़ा कार्यक्रम में रक्तदान, स्वच्छता अभियान, बुजुर्गों का सम्मान तथा 25 सितम्बर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म दिवस, दो अक्टूबर गांधी जी सहित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री जी का जन्म दिवस मनाने का कार्यक्रम उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को कहा गया।





**ये रहे उपस्थितः** इस कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेता टेसूलाल धुरंधर, जिला उपाध्यक्ष सुनीता वर्मा, जिला मंत्री सुशीला वर्मा, चित्तावर जायसवाल, धनंजय साहू, नीलम सोनी, नरेश केसरवानी, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, शिवशंकर अग्रवाल, कृष्णा सेन, महामंत्री द्वय संजय श्रीवास, महेन्द्र वर्मा, पोषण पटेल, मीडिया प्रभारी हरिशंकर सेन, अमितेश नेताम, मनोजकांत पुरेना, रेखा पटेल, मंजू फेकर, रजनी केसरवानी, रीटा केसरवानी, सब्बा अली खान, सरिता मार्के सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# खैरा में नशा मुक्ति अभियान का हुआ शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ संडी बंगला

पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरा में शनिवार को सरपंच तारिणी दुर्गेश गेंड्रे के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर गांव की सैकड़ों महिलाएं एकजुट होकर शामिल हुईं और शराबबंदी तथा जुआ बंदी को सफल बनाने के लिए शपथ ली। वहीं बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब गांव में किसी भी प्रकार से अवैध शराब की बिक्री, खुलेआम शराब सेवन, चौक-चौराहों पर जुआ खेलने तथा खुले में डिस्पोजल गिलास और पानी बेचने जैसी गतिविधियों पर पूर्ण रोक लगाई जाएगी।



सभी ग्रामवासियों ने यह भी संकल्प लिया कि नशा मुक्ति के इस अभियान को सफल बनाने के लिए गली-गली जाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान महिलाओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए रैली भी निकाली और शराबबंदी के समर्थन में माहौल बनाया। गांव की गलियों में निकली रैली के दौरान गांव को नशा मुक्त बनाना है, अवैध शराब बंद करो जुआखोरी खत्म करो जैसे नारे गूंजते रहे। वहीं बैठक में यह भी चेतावनी दी गई कि जो लोग पहले शराब से जुड़े रहे हैं, यदि आगे से दोबारा ऐसे किसी मामले में पकड़े गए तो सीधे पुलिस और प्रशासन के हवाले किए जाएंगे। सरपंच गेंड्रे ने कहा कि समाज के विकास और युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए नशा मुक्ति आवश्यक है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से अपील की कि वे इस मुहिम को मजबूत बनाएं और एक आदर्श गांव की स्थापना में सहयोग करें।

# दतान में सरपंच चन्दा देवी महिलागें ने शिक्षकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगबुडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान(ख) बगबुडा में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -दतान (ख) परिसर में शिक्षक दिवस मनाया गया मुख्य अतिथि चन्द्रा देवी महिलागे सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर महिलागे, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कंश राम निषाद, संस्था के प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के उपस्थिति में शिक्षक दिवस मनाया गया । मुख्य अतिथि चन्द्रा देवी महिलागे ने कहा कि शिक्षक गुरु हैं और गुरु का सम्मान सबसे ऊपर है ऊपर रहेगा।

मुख्य अतिथि ने सभी छात्र एवं छात्राओं को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर गाड़ा गाड़ा बधाई एवं शुभकामनाएं दी । शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ी पूंजी है शिक्षक दिवस पर मुख्य अतिथि ने सभी शिक्षकों को मोमोटो पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, सम्मानित शिक्षक अनुशवर यादव, चन्द्र प्रकाश निर्मलकर, ओंकार ध्रुव, पेमेशवरी नेताम, सतीश कुमार भारद्वाज, कैलाश साहू और संस्था के प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया । सभी छात्र एवं छात्राएं शिक्षकों को सम्मानित देखकर खुशी से झूम उठे ग्राम पंचायत द्वारा पहली बार सरपंच चन्दा देवी महिलागें ने हमारे शिक्षकों को सम्मानित किया ।





### सावित्री माता में जलेंगे मनोकामना के ज्योत

**महासमुंद।** पंचवटी तीर्थ धाम श्वेत गंगा बम्हनी में शारदीय नवरात्रि पर मनोकामना के दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। यहां विराजित मां सावित्री देवी के समक्ष मनोकामना के दीप प्रज्ज्वलन के लिए 751 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी देते हुए डॉ. संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि नवरात्र पर्व 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होगा। प्रतिदिन संध्या बेला में माता सेवा की जाएगी।

### 17 से 2 अक्टूबर तक चलेगा 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान

**बलौदाबाजार ।** स्वच्छता के प्रति सक्रियता और सामूहिक प्रयास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 से निरन्तर स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक यह अभियान स्वच्छोत्सव थीम पर आयोजित किया जाएगा। अभियान अंतर्गत अंतिम दिवस को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने जिले स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजन हेतु तैयारी के निर्देश अधिकारियों को दिये है।स्वच्छता ही सेवा अभियान में पहुंचविहीन, उपेक्षित एवं गंदे स्थलों का चिन्हांकन, आईटी पोर्टल पर मैपिंग एवं समयबद्ध रूप से निराकरण, सार्वजनिक स्थानों, शासकीय एवं निजी कार्यालय एवं अन्य जन आवाजाही के केन्द्र की साफ सफाई, सफाई कर्मचारियों हेतु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एवं उन्हें केन्द्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं से लाभान्वित करना, पर्यावरण के अनुकूल एवं शून्य अपशिष्ट उत्सव का आयोजन, विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम जैसे वेस्ट-टू-आर्ट, स्वच्छ स्ट्रीट फूड आदि का क्रियान्वयन किया जाएगा।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़

पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
15 सितम्बर 2025 SHOW TIME
बागी - 4
शो समय - 6:00 PM
मिराई सुपर योद्धा
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
खारून पार (CG)
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# खबर संक्षेप

## कवयित्री पं. अंजू पाण्डेय को विश्व हिंदी रत्न सम्मान



**खरोरा** । खरोरा अंचल की लोकप्रिय कवयित्री एवं शिक्षिका पं.अंजू पाण्डेय को नेपाल की प्रसिद्ध/" संस्था शब्द से प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल/" द्वारा आयोजित विश्व हिंदी कविता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट रचना हेतु विश्व हिंदी रत्न मानद उपाधि तथा प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष आदरणीय आनंद गिरी मायालु ने उन्हें दीर्घायु जीवन और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि अंजू पाण्डेय मातृभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपना अमूल्य योगदान देकर राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर मिले इस सम्मान के प्रति पं. अंजू पाण्डेय ने विश्व हिंदी परिषद की निर्णायक समिति का आभार व्यक्त किया। उनकी इस उपलब्धि पर मित्रों, परिजनों और विप्र समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयां दीं।

## तुषार का एमबीबीएस में चयन



**खरोरा**। ग्राम छपोरा निवासी परसराम वर्मा के पुत्र तुषार कुमार वर्मा ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शासकीय मेडिकल कॉलेज महासमुंद में एमबीबीएस में प्रवेश पाया है। तुषार ने प्राथमिक शिक्षा छपोरा और हायर सेकेंडरी की पढ़ाई टोहडा से पूरी की। वे बचपन से ही मेधावी छात्र रहे हैं और खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहे। मध्यमवर्गीय किसान परिवार से आने वाले तुषार ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन, माता-पिता के आशीर्वाद और गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। तुषार की इस उपलब्धि से क्षेत्र में हर्ष की लहर है और ग्रामवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## शराब की अवैध बिक्री एक व्यक्ति गिरफ्तार

**महासमुंद**। शराब की अवैध बिक्री के मामले में सरायपाली पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर के बताए स्थान ग्राम बोंदा बीज निगम आफिस पुलिया के पास एक व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसने अपना नाम खेमराज बरिहा पिता कैरू बरिहा (37 साल) बाराडोली थाना सरायपाली जिला महासमुंद छग का निवासी होना बताया। जिसके कब्जे से 7 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 1400 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

# रास गरबा समारोह स्थल का विधायक इंद्र साव ने किया निरीक्षण

### रावणभाटा में होगा विशाल रास गरबा: विधायक





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान पर 3 दिवसीय रास गरबा का आयोजन इस माह की 29 तारीख से प्रारंभ हो रहा है। रंगीला रास गरबा नाईट के तत्वावधान में पहली बार होने जा रहे इस आयोजन के स्थल का निरीक्षण विधायक इंद्र साव ने किया और उन्होंने सुरक्षा और लाइटिंग व्यवस्था पर ज्यादा जोर देते हुए इसे ओर विशेष ध्यान देने का आयोजकों से आग्रह किया। नगर की सामाजिक संस्था रंगीला रास गरबा नाईट के तत्वाधान में इस बार दशहरा के अवसर पर नगर की महिलाओ बच्चियों के लिए रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान पर 3 दिवसीय रास गरबा का आयोजन इस माह की 29, 30 सितम्बर और 1 अक्टूबर को भव्य रूप से होने जा रहा है, इस आयोजन को लेकर महिलाओं और लड़कियों में जबरदस्त उत्साह बना हुआ है और हथनीपारा स्थित नवधा रामायण मंडप पर सायं सात बजे से रोजाना हो रही प्रैक्टिस में भाग ले रही है। आयोजक मंडल के निवेदन पर विधायक इंद्र साव ने शनिवार को आयोजन स्थल रावणभाठा स्थित दशहरा मैदान पर पहुंच कर आयोजकों से चर्चा की। इस दौरान विधायक इंद्र साव ने महिलाओं और नगर की बच्चियों द्वारा माता की भक्ति के लिए किए जाने वाले रास गरबा कार्यक्रम में सुरक्षा का पर्याप्त बंदोबस्त करने तथा लाइटिंग की व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने को कहा।

### बलौदाबाजार में लगाए गए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे

# तीसरी आंख की निगरानी, यातायात और साइबर ठगी पर कसी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में अपराध और यातायात व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने आधुनिक तकनीक का सहारा लिया है। अब पूरे शहर सहित प्रमुख स्थानों पर 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिन्हें पुलिस की तीसरी आंख कहा जा रहा है।

ये कैमरे चौक-चौराहों, बाजारों, सिग्नलों, शासकीय कार्यालयों, धार्मिक स्थलों और गिरोधपुरी, दामाखेड़ा जैसे संवेदनशील व पर्यटन स्थलों पर भी लगाए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि अब कोई भी अपराधी अपराध कर पुलिस की नजरों से बच नहीं पाएगा।





### ई-चालान पर राहत

बढ़ते ई-चालान से हो रहे साइबर ठगी को लेकर आम नागरिकों में फैली शंका को लेकर बलौदाबाजार पुलिस ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल बलौदाबाजार जिले में ई-चालान जारी नहीं किए जा रहे हैं। जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि अभी केवल व्हाट्सएप के माध्यम से चालान की सॉफ्ट कॉपी भेजी जाती है। पुलिस द्वारा किसी भी लिंक या अज्ञात फाइल नहीं भेजी जाती।

### साइबर ठगी से सावधान

एएसपी सिंह ने नागरिकों को सचेत करते हुए कहा कि साइबर अपराधी व्हाट्सएप या अन्य माध्यम से एपीके फाइल या संदिग्ध लिंक भेजकर ठगी की कोशिश करते हैं। ऐसे किसी भी लिंक या फाइल को कभी न खोलें। यदि गलती से खुल जाए तो तुरंत उसे ऐप स्टोर से डिलीट कर दें। लोगों को जागरूक करने के लिए जिले में लगातार साइबर सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने अपील की है कि सावधानी और जागरूकता से ही साइबर अपराधों से बचा जा सकता है।

# अंबुजा विद्यापीठ में उत्साहपूर्वक मनाया गया हिंदी दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ रवान में हिंदी दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रार्थना सभागार को आकर्षक पोस्टर, नारों और पुष्प सज्जा से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पांडेय सहित शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने हिंदी के महत्व को रेखांकित करते हुए भाषा के प्रति सम्मान और प्रेम प्रकट किया। समारोह में भाषण, कविता पाठ, नृत्य और गीतों की सुंदर प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिंदी की ऐतिहासिक यात्रा, समृद्धि और वर्तमान आवश्यकता पर विचार रखे। सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका रजनी श्रीवास्तव ने हिंदी भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्राचार्य ने अपने आशीर्वचन में कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर और पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी का अधिक प्रयोग करने और उसकी शुद्धता बनाए रखने का संदेश दिया। हिंदी सप्ताह के अंतर्गत निबंध लेखन, कविता पाठ और संगोष्ठी जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजयी प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन श्रेया यादव और एंजल ने किया तथा समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# विद्यार्थियों को बाल श्रम व बाल विवाह की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत द्वितीय शनिवार को शाला के शिक्षक विशेषर वर्मा ने बच्चों को बताया कि बाल श्रम क्या है? एवं बाल विवाह किसे कहते हैं? इससे बच्चों की सुरक्षा कैसे करें। यदि किसी 14 वर्ष कम उम्र के बच्चों को स्कूल के समय काम करवाया जाए, जिसके कारण बच्चे की शिक्षा, शारीरिक, मानसिक विकास इत्यादि प्रभावित हो या 14 से 18 वर्ष के उम्र के बच्चों से जोखिम पूर्ण कार्य करवाया जाए तो यह बालश्रम की श्रेणी में आता है, बालश्रम कहते हैं। इसका प्रभाव बच्चों की शिक्षा में बाधा डालता है, उन्हें स्कूल जाने के अवसर से वंचित करना है। समय से पहले स्कूल छोड़ने के लिए बाध्य करता है। यदि किसी स्थान पर बच्चे जोखिम पूर्ण कार्य करते नजर आए तो वह कानूनन जुर्म है। इस स्थिति में 1098 टोल फ्री नम्बर पर कॉल करके पुलिस में रिपोर्ट किया जा सकता है। बाल विवाह अधिनियम 2006 के तहत लड़कियों का 18 वर्ष से कम और लड़कों का 21 वर्ष से कम उम्र में शादी करना गैर कानूनी है। शादी कराने वाले और शादी से संबंधित हर व्यक्ति जैसे -रिश्तेदार, बाराती, पंडित, हलवाई, टेंटवेल, बैंड बाजा इत्यादि को कठोर सजा और जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन महिलाओं को दंड जुर्माने तक सीमित है। इसमें शामिल किसी भी बच्चों को दंडित नहीं किया जा सकता। इस कार्यक्रम में हेमकुमारी साहू, चरित कुमार ध्रुव, संजय बंछोर, मीनाक्षी सिरमौर एवं भेष कुमार महिला शिक्षक उपस्थित रहे।



## प्राथमिक शाला तुलसी में गणवेश वितरण



**खरोरा** । शासकीय प्राथमिक शाला तुलसी में गणवेश वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गिरधर साहू (सरपंच तुलसी), टिकलेश मारकंडे (उपसरपंच तुलसी), महेन्द्र यादव (एसएमसी अध्यक्ष) तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। इन सभी गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा विद्यार्थियों को गणवेश प्रदान किया गया।

# एकलव्य स्कूल सोनाखान पालक संघ के अध्यक्ष बने दिनेश ठाकुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विगत दिनों एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान की आवश्यक बैठक विद्यालय परिसर में संपन्न हुई जिसमें पालकों के सहमति से पूर्व पालक समिति को शिथिल कर शून्य किया गया। बैठक में पालकों ने चर्चा कर सर्वसम्मति से एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय सोनाखान के नवीन पालक समिति का गठन कर अध्यक्ष ग्राम दतान (खैरा) निवासी दिनेश सिंह ठाकुर , उपाध्यक्ष रामेश्वर सिंह ध्रुव, विमला जगत, सचिव कमल भैना, सहसचिव सुखराम पैकरा, कोषाध्यक्ष गज कुमार ठाकुर, संरक्षक मनोहर ध्रुव, चंद्रभानु सिंह पैकरा, राजकुमार ध्रुव, पद्मभूषण सिंह पैकरा, रोहित कुमार दीवान, रघुनाथ सिंह कंवर, कृपाल सिंह ध्रुव, कार्यकारिणी सदस्य खेमसिंह नेताम, चंदराम मरावी, भारती पैकरा, सुरेंद्र कुमार भगत, कुबेर सिंह बरिहा, संतोषी ध्रुव, चंद्रकली नेताम, रश्मि लकड़ा, संजय पैकरा, शिव कुरूवंशी, श्रवण नेताम को मनोनीत किया गया।

# ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष चयन प्रक्रिया के दौरान कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

सिमगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में कांग्रेस के सृजन अभियान के तहत नए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया संपन्न हुई। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव और ब्लॉक प्रभारी मो. सिद्दीकी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का उत्साह देखने लायक था। वर्तमान अध्यक्ष डॉ. के.के. नायक ने अतिथियों का तिरंगा गमछा पहनाकर स्वागत किया। विधायक इन्द्र साव ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से किसानों, मजदूरों, युवाओं और कमजोर वर्गों की आवाज रही है। उन्होंने कांग्रेस सरकार की कर्जमाफी, धान खरीदी, बिजली बिल हाफ और पेंशन जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे इन उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाएं। साव ने नए अध्यक्ष से संगठन को मजबूत करने और सभी कार्यकर्ताओं को सम्मान देने की बात कही।



# भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक का कसडोल में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

■ कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत, बड़ी संख्या में जुटे समर्थक

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश किसान मोर्चा के नवनियुक्त अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर अपने संक्षिप्त प्रवास पर कसडोल पहुंचे और लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह मे कार्यकर्ताओं आलोक परिचयात्मक मुलाक़ात किए। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किए।

इस अवसर पर श्री सिंह ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए केंद्र एव राज्य सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर प्रकाश डाले और कार्यकर्ताओं को निर्देशित किए कि योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है या नहीं इसकी जानकारी लेते रहें। साथ ही योजनाओं का अधिकाधिक प्रचार लोगों मे करे।



**ये रहे उपस्थित:** इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश सोसल मीडिया प्रभारी किसान मोर्चा धीरज मिश्रा, जिला महामंत्री किसान मोर्चा चौहान जी एव अन्य रहे। वहीं स्थानीय मंडल अध्यक्ष डां सुदीप मानिकपुरी,महामंत्री रामचंद्र ध्रुव एवं अनिल श्रीवास,गोटीलाल साहू किसान मोर्चा जिला मंत्री, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम कैवर्त्य, कोषाध्यक्ष गुनीराम साहू, विनोद बंजारे, कार्यालय प्रभारी गोपाल साहू, युवा मोर्चा महामंत्री हरिकांत साहू, समारु कैवर्त्य सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पाइपलाइन और टंकी निर्माण की प्रक्रिया पूरी

# रबेली में घर-घर पहुंचा नल जल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जल जीवन मिशन अंतर्गत हर गांव में घर- घर नल से जल पहुंचाने का कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही जल स्वच्छता, जल संरक्षण एवं एफकेटी किट से जल परीक्षण की भी जानकारी विभिन्न संगठन के माध्यम से दी जा रही है। गांव के गली -घर में नल से स्वच्छ पानी पहुंचने पर ग्रामीणों को बहुत सुविधा मिली है जिससे अब पानी की चिंता उनके लिए बीते दिनों की बात हो गई है।

सिमगा विकासखंड के ग्राम रबेली में जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टंकी निर्माण, बोर खनन एवं पाइप लाइन का कार्य पूर्ण कर नल से जल आपूर्ति किया जा रहा है।ग्रामीणों को जागरूक करने टीम द्वारा जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों, मितानीन दीदी एवं ग्रामवासियों को जल संरक्षण हेतु समुदाय आधारित कार्यक्रम मे पानी के संरक्षण एवं पानी के सदुपयोग संबंधी विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की जा रही है। टीम के द्वारा जल बहिनियों से जल परीक्षण, घर का पानी टेस्ट, समूह की महिलाओं को साफ सफाई हेतु प्रेरित किया जा रहा है।





